ADITYA BIRLA
UltraTech
Birla White
EXCEL
Putty

पाइए
मार्बल जैसी फिनिश
बिरला व्हाईट
एक्सल पुट्टी
के साथ

पाइए
मार्बल जैसी फिनिश
बिरला व्हाईट
एक्सल पुट्टी
के साथ

बिरला व्हाईट एक्सल पुट्टी एक सीमेन्ट आधारित पुट्टी है जो हंटर व्हाइटनेस स्केल पर 94.5% के स्कोर के साथ आपकी दीवारों को बेजोड़ सफेदी और बढ़िया मार्बल जैसी फिनिश दिलाती है।

बिरला व्हाईट एक्सल पुट्टी क्यों?

मार्बल जैसी फिनिश

बेजोड़ सफेदी

एक्सल पुट्टी का इस्तेमाल:

इस्तेमाल का क्षेत्र:

- इस प्रोडक्ट का इस्तेमाल अंदरूनी/बाहरी सतहों जैसे कि सीमेन्ट आधारित प्लास्टर/कॉन्क्रीट/मसाले की दीवारों और सीलिंग की सतह पर 1.5 मिमी की मोटाई तक दो कोट्स लगाने में किया जा सकता है। इस प्रोडक्ट को तराई की ज़रूरत नहीं पड़ती है।

जरूरी औजार

- एकसार मिश्रण बनाने के लिए मैकेनिकल स्टियरर का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आवेदन कार्य के लिए पुट्टी ब्लेड/स्पैटुला और गुमाला का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

सतह/उपसतह* की तैयारी

- एमरी पेपर, पुट्टी ब्लेड या तार के ब्रश आदि का इस्तेमाल करके सतह से चिपकी हुई सामग्रियों जैसे कि धूल, मिट्टी, ऑर्गेनिक सॉल्वेन्ट (डी-शटरिंग/क्योरिंग-फ्री कंपाउंड) तथा चिकनाई आदि को साफ कर लें।



उपसतह को पहले गीला करना

- ''बिरला व्हाईट पुट्टी'' का इस्तेमाल करने से पहले उपसतह को गीला करने की ज़रूरत नहीं है।

''एक्सल पुट्टी'' को मिश्रित करना

- मिश्रित अनुपात: 1 किलो बिरला व्हाईट एक्सल पुट्टी को 45% साफ पानी में (1 किलो बिरला व्हाईट एक्सल पुट्टी + 450 मिली पानी) में धीरे-धीरे मिलाकर पेस्ट बना लें। मिश्रण बनाने के लिए मैकेनिकल स्टियरर का इस्तेमाल बेहतर होगा (3-5 मिनट)/मलाईदार स्थिरता प्राप्त करने के लिए मेटल की रॉड से हाथ से 10-15 मिनट तक अच्छी तरह हिलाएं, जिससे एकसार गाढ़ा पेस्ट बन जाए। उत्तम परिणाम पाने के लिए इस पोस्ट को 5 मिनट अलग रहने दें। तैयार पेस्ट का इस्तेमाल 3-3.5 घंटे के अंदर कर लें।

उपसतह/सतह पर इस्तेमाल करने का तरीका:

- बिरला व्हाईट एक्सल पुट्टी को अच्छी मिश्रित करने के बाद दीवार/उपसतह पर एक पुट्टी ब्लेड की मदद से पहला कोट लगाएं। ध्यान रखें कि इस्तेमाल के दौरान उपसतह का तापमान 40° सेल्सियस से अधिक नहीं होना चाहिए।
- बिरला व्हाईट एक्सल पुट्टी के पहले कोट के सूखने के बाद, सतह को एक गीले स्पॉन्ज या पुट्टी ब्लेड से घिसें ताकि लटके हुए कण निकल जाएं।
- सतह को कम से कम 3 घंटे तक सूखने दें, फिर बिरला व्हाईट एक्सल पुट्टी का दूसरा कोट लगाएं सतह को पूरी सूखने दें।
- सतह को 10-12 घंटे तक सूखने देना बेहतर होगा। उसके बाद ही टॉप कोट पेन्ट/डिस्टेम्पर लगाएं।
- सतह पर बिरला व्हाईट एक्सल पुट्टी की अंतिम कोट को खुरदरे एमरी पेपर से बिल्कुल न घिसें. उससे बिरला व्हाईट एक्सल पुट्टी की जल प्रतिरोधक क्षमता घट जाएगी। लेकिन अगर किसी प्रकार का पेन्ट/डिस्टेम्पर लगाने से पहले असमानताओं/धब्बों को दूर करना ज़रूरी हो, तो बहुत ही फाइन वॉटर प्रूफिंग एमरी पेपर, जो कि 500 नंबर से कम न हो, की मदद से सतह को कोमलता से लेवल करें, ताकि ग्लॉसी सफेद सतह मिल सके।
- दोनों कोट्स की कुल मोटाई ज़्यादा से ज़्यादा 1.5 मिमी होनी चाहिए।
- पेन्ट के इस्तेमाल से पहले किसी प्राइमर की ज़रूरत नहीं है।

टेक्निकल मापक

क्रम सं.	टेक्निकल मापक	विनिर्धारण	टेस्ट विधि
1	*कवरेज (वर्ग फुट/किलो)/आइडियल स्मूद सतह पर)	18-21	In House
2	प्रभावी रहने की अवधि (घंटे)	3.0-3.5	In House
3	टेन्साइल शक्ति @28 दिन (N/mm^2)	≥1.0	EN 1348
4	जल कैपिलरी अवशोषण (ml) 30मिनट @28 दिन	≤0.60	Karsten Tube
5	कम्प्रेशन शक्ति @28 दिन (N/mm^2)	3.5-7.5	EN 1015-11
6	बल्क डेन्सिटी (g/cm^3)	0.8-1.0	In House

*यह वैल्यू स्मूद सतह पर है, हालांकि सतह की संरचना के अनुसार यह बदल सकती है।

सावधानियां:

बिरला व्हाईट एक्सल पुट्टी को मिश्रित करना बहुत महत्त्वपूर्ण है। इसलिए हाथ या मैकेनिकल स्टियरर से मिश्रण बनाते समय अत्यंत सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि स्मूदनेस और कवरेज आदि के रूप में बेहतरीन परिणाम मिल सकें। एकसार पेस्ट बनने तक इसे मिश्रित करते रहना चाहिए।

बिरला व्हाईट एक्सल पुट्टी की उतनी ही मात्रा का मिश्रण बनाया जाना चाहिए, जिसे साढ़े तीन घंटे के अंदर इस्तेमाल कर लिया जाए।

बिरला व्हाईट एक्सल पुट्टी को बच्चों की पहुंच से दूर रखें।

निगले जाने पर हानिकारकः अगर यह पेट में चला गया हो तो तुरंत डॉक्टर की मदद लें।

अगर जलन पैदा होती है या जारी रहती है तो अपनी त्वचा को तुरंत भरपूर पानी से धोएं और डॉक्टर की मदद लें।

क्या करें:

- दीवार की सतह से धूल को साफ करें।
- मिश्रण को इस्तेमाल करने से पहले अच्छी तरह हिलाएं।
- थंडी और सूखी जगह स्टोर करें।
- इस्तेमाल के दौरान सुरक्षाकारी चश्मा पहनें।
- सतह को घिसते और तैयार करते समय उपयुक्त नोज मास्क पहनें ताकि धूल नाक से अंदर न जाए।

क्या न करें

- धूल-मिट्टी वाली दीवार की सतह पर सीधे बिरला व्हाईट एक्सल पुट्टी न लगाएं।
- निर्धारित से ज़्यादा मात्रा में पानी न मिलाएं।

अधिक जानकारी के लिए यहाँ स्कैन करें!

बिरला व्हाईट – अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड की यूनिट,
तल मंजिल, अहुरा सेन्टर, 82, महाकाली केव्स रोड,
एम.आई.डी.सी ऑफिस के पास, अंधेरी(पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र –400093.

वेबसाइट: www.birlawhite.com | टोल फ्री नं.: 1800 11 1717
www.facebook.com/BirlaWhiteCement | twitter.com/BirlaWhite